तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 28 नवंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजय को मिला बेस्ट एरिया जनरल मैनेजर का अवार्ड



## खबर संक्षेप

### छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 तक

**कोरबा।** जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई एवं डाईट आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं संस्थान में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जो राज्य शासन द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं उन्हे सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा ने बताया कि राज्य शासन द्वारा वर्ष 2025-26 छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन/पंजीयन (नवीन/नवीनीकरण) हेतु अंतिम तिथि 30 नवंबर निर्धारित की गई है।

### एनकेएच हॉस्पिटल ग्रुप और बजरंग दल द्वारा वॉकाथन 30 को

**कोरबा।** तेज़ रफ़्तार जिंदगी में लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एनकेएच हॉस्पिटल ग्रुप और बजरंग दल कोरबा द्वारा वॉकाथन का आयोजन 30 नवंबर को किया जायेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 7 बजे घंटाघर चौक से होगा, जहाँ से प्रतिभागी पैदल चलते हुए न्यू कोरबा हॉस्पिटल पहुँचेंगे। न्यू कोरबा हॉस्पिटल ग्रुप के डायरेक्टर व प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.एस. चंदानी का कहना है कि कोरबा ने मुझे बहुत कुछ दिया है और मै चाहता हूं कि कोरबावासी स्वस्थ और तन्दरुस्त रहे। भागदौड़ भरी जिंदगी में शरीर तब ही चेतावनी देता है, जब हम उसे लगातार नज़र अंदाज करते हैं। प्रतिदिन सिर्फ दस मिनट की वॉक न केवल दिल को मजबूत बनाती है, बल्कि शुगर, ब्लड प्रेशर जैसी समस्याओं को नियंत्रित रखने में भी मददगार है। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य, मूड, फोकस और आत्मविश्वास पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

### दिव्यांग दिवस के बहिष्कार की चेतावनी

**कोरबा।** दिव्यांगजनों की लंबित 6 सूत्रीय मांगों के निराकरण में विलंब किए जाने के विरोध में छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ द्वारा 3 दिसंबर को मनाए जाने वाले विश्व दिव्यांग दिवस के बहिष्कार की चेतावनी दी है। मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में दिव्यांग सेवा संघ द्वारा फर्जी दिव्यांगता प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी करने वालों को बर्खाशत किया जाए। दिव्यांगजनों का मासिक पेंशन 5 सौ रुपए से बढ़ाकर 5 हजार रुपए किया जाए। साथ ही इसमें बीपीएल की बाध्यता खत्म की जाए। समस्त विभाग में दिव्यांग कोटे के बैकलॉग पदों पर विशेष भर्ती अभियान चलाया जाए एवं 21 वर्ष से अधिक आयु की अविवाहित युवती को महतारी वंदन योजना में शामिल किया जाए तथा शासकीय पदों पर नियुक्त दिव्यांग शासकीय अधिकारी, कर्मचारियों को पदोन्नति पर 3 प्रतिशत का आरक्षण देने सहित अन्य माग शामिल है।

### ऑटो चालक से विवाद के बाद महिला ने सड़क पर किया हंगामा

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर चौराहे पर एक महिला ने ऑटो से उतरते ही अचानक अपने कपड़े उतारकर हंगामा कर दिया। इस दौरान वह लगातार राहगीरों पर चिल्लाती और गालियां देती नजर आई। घटना के वक्त उसका छोटा बच्चा भी उसके साथ मौजूद था। जानकारी के अनुसार, महिला अपने बच्चे के साथ ऑटो में सफर कर रही थी। रास्ते में महिला और ऑटो चालक के मध्य किसी बात को लेकर वाद विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर वह चौराहे के पास उतरी और अचानक अपने पूरे कपड़े उतार दिए। इसके बाद वह बच्चे को लेकर चौराहे की ओर बढ़ी और आसपास मौजूद लोगों से अभद्रता करती रही। मामले में सीएसईबी चौकी प्रभारी भीमसेन यादव ने बताया कि उक्त महिला मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी, महिला की पहचान नहीं हो पायी है।

# एग्रोटेक पोर्टल में 38 हजार खसरे को करना होगा नए सिरे से अपडेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिन किसानों का फार्मर आईडी राजस्व विभाग के द्वारा तैयार किया गया था उन किसानों का भी एग्रोटेक पोर्टल में खसरे नंबर लंबित नजर आ रहे हैं। लगभग 38 हजार ऐसे खसरे हैं जिनके आवेदन फार्मर आईडी में अपडेट नहीं हो सके हैं। महज 5 दिन की अवधि में इन्हें अपडेट करना होगा।

सरकार की नई नीति से किसान इस कदर परेशान हुए हैं कि उनका सारा समय एग्रोटेक पोर्टल और एकीकृत किसान पोर्टल के बीच ही बीत रहा है। सरकार ने ये दो ऐसे पोर्टल बनाए हैं कि इन दोनों में पंजीयन आवश्यक हो गया है। इन दोनों पोर्टल में से किसी एक में भी अगर पंजीयन नहीं दिखाया जाएगा तो ऐसे किसान धान नहीं बेच सकेंगे। वर्तमान में जिले में स्थिति ऐसी है कि किसान जिस खसरे नंबर का पंजीयन नहीं कराए हैं उन्हें उक्त खसरे नंबर का पंजीयन हर हाल में दोनों पोर्टल में 30 नवंबर तक कराना होगा अन्यथा ऐसे किसान अपना धान नहीं बेच सकेंगे। ऐसी स्थिति सामने आने के बाद 30 नवंबर तक खसरे नंबर का पंजीयन कराने के लिए समितियों में भीड़ लगना शुरु हो गई है। जिसके लिए कृषि विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारी दे दी गई है।

### 5 दिन की समयावधि में समितियों में बढ़ा काम का दबाव

**खास बातें**

- फार्मर आईडी वाले किसान भी हो रहे परेशान
- एकीकृत किसान पोर्टल में दर्ज खसरे को सुधारना चुनौती



### वन अधिकार पत्र का रिकार्ड पोर्टल में नहीं हो रहा अपलोड

कुछ समितियों से ये भी जानकारी सामने आयी है कि जिन किसानों को वन अधिकार पत्र मिला हुआ है उन किसानों का वन अधिकार पत्र का रिकार्ड एग्रोटेक पोर्टल में अपलोड नहीं होने के कारण ऐसे किसान धान बेचने से वंचित हो सकते हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए राजस्व विभाग को रिकार्ड अपडेट के लिए जिम्मेदारी दी गई है।

## सभी जोन में बकाया वसूली अभियान हुआ तेज
# विद्युत विभाग का बकाया पहुंचा 4 सौ करोड़ के पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में विद्युत वितरण विभाग का बकाया कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। लगातार बढ़ते बकाया को लेकर विभाग का टेंशन बढ़ता ही जा रहा है। बताया जाता है कि नवंबर के महीने में विभाग का बकाया 4 सौ करोड़ के पार जा पहुंचा है। इस बकाया राशि को वसूलने के लिए विभाग सभी जोन में टीम गठित की है। जहां टीम लंबी फेरिस्त लेकर वसूलने में लगी है लेकिन इस दौरान विभाग के कर्मचारियों के साथ गाली गलौज की घटनाएं भी सामने आ रही है। इसे लेकर विभाग के अधिकारियों ने अब एक्शन लेना भी शुरू कर दिया है। यदि अब ऐसे करके उपभोक्ता पाए जाए तो उनके खिलाफ सीधे एफआईआर की कार्यवाही करने का फरमान जारी कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि जिले में विद्युत वितरण विभाग बकाया 425 करोड़ रुपए जा पहुंचा है। इस बकाया राशि को वसूलने के लिए लगातार राजधानी में बैठे अफसरों द्वारा स्थानीय अधिकारी कर्मचारियों को की क्लास लेकर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर रहे हैं और 425 करोड़ की बकाया राशि को वसूलने के लिए जिले के अधिकारी भी अब अपने-अपने इलाके में टीम गठित कर बकाया राशि वसूलने के लिए हर तरीके से जुटे हुए हैं। नवंबर का महीना ठंड की दस्तक के साथ ही लाइन मेंटेनेंस का काम बिल्कुल ना के बराबर होता है इसलिए विभाग के अधिकारी कर्मचारियों का यही प्रयास होता है कि इस दौरान मेंटेनेंस नहीं होने की वजह से अधिक से अधिक बकाया राशि वसूली की जा सके और बकाया राशि को कम किया जा सके। इस कड़ी में जिले के सभी जोन में बकाया राशि वसूलने के लिए विभाग द्वारा बृहद अभियान चलाया जा रहा है लेकिन शहरी क्षेत्र में कई इलाकों में जो बकाया राशि लेने के लिए टीम जब पहुंच रही तो उन्हें उपभोक्ताओं द्वारा गली गलौच जैसी घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- कई जगह टीम के साथ हो रही है हुज्जतबाजी


फाइल फोटो

### कहां किसका कितना बकाया

विद्युत विभाग के सूत्र बताते हैं कि विद्युत विभाग में सबसे ज्यादा बकाया राशि शहरी क्षेत्र में है। जिसका कुल बकाया राशि 147 करोड रुपए है, जबकि कोरबा ग्रामीण में कुल बकाया 138 करोड रुपए हैं। इसी तरह कटघोरा ग्रामीण क्षेत्र में 140 करोड रुपए बकाया जा पहुंचा है। विभाग का प्रयास है कि वित्तीय वर्ष समाप्त होते होते अधिक से अधिक बकाया राशि वसूली की जा सके। वित्तीय वर्ष समाप्त होने में अभी चार माह शेष है। इस चार माह के दौरान विभाग का प्रयास है कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में बकाया राशि को कम किया जा सके। देखना है कि इस साल विद्युत विभाग का बकाया राशि कम हो पाता है कि नहीं।

# निवास कहीं और मतदाता सूची में नाम कहीं और


मतदाता सूची में अपने माता पिता का नाम खोजते मतदातागण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्य में लगे बीएलओ के लिए मतदाताओं का पता खोजना और गणना पत्रक बांटना सिरदर्द बन चुका है। कई ऐसे मामले सामने आ रहे हैं जिनमें मतदाता विधानसभा और लोकसभा में जिस क्षेत्र में मतदान किए हैं उनका नाम उस क्षेत्र की मतदाता सूची में ना होकर अन्य क्षेत्र की मतदाता सूची में बताया जा रहा है और ऐसे मतदाता गणना पत्रक के लिए घूम रहे हैं।

बालको क्षेत्र के दोंदरो ग्राम पंचायत के कुछ मतदाताओं के नाम ग्राम रुगबहरी की मतदाता सूची में दर्शाया जा रहा है और मतदाता अब तक दोंदरो ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- फार्म लेने के लिए अभी भी घूम रहे मतदाता

# अब बिना सुनवाई व कानूनी कार्यवाही के नहीं टूटेगा कोई घर या दुकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अवैध निर्माणों को लेकर शासन ने पुराने आदेश में बड़ा बदलाव करते हुए नई व्यवस्था लागू की है। अब किसी भी भवन या दुकान को बिना सुनवाई और कानूनी प्रक्रिया के तोड़ा नहीं जा सकेगा। शासन ने इस व्यवस्था को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए कई नए प्रावधान जोड़े हैं।

उल्लेखनीय है कि पहले नगरीय निकाय अक्सर बिना पूर्व सूचना या अधूरी जांच के भवन या दुकान का निर्माण तोड़ देते थे। कई मामलों में लोगों को न तो कारण बताओ नोटिस मिलता था और ना ही अपना पक्ष रखने का मौका मिलता था। अब इस नये आदेश से इस मनमानी पर पूरी तरह रोक लगने की संभावना है। अब आदेश पारित होने के बाद 15 दिन तक कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। इस अवधि में प्रभावित व्यक्ति अपील कर सकता है या स्वयं निर्माण हटा सकता है। यदि ऐसा नहीं किया गया तो ही प्रशासन बुलडोजर चलाएगा। नई व्यवस्था में हर ध्वस्तीकरण की वीडियोग्राफी अनिवार्य की गई है। मौके पर मौजूद अधिकारियों, पुलिसकर्मियों और कर्मचारियों के नाम भी ध्वस्तीकरण रिपोर्ट में दर्ज होंगे। शासन ने अफसरों की जवाबदेही भी तय की है। यदि कोई अधिकारी बिना नियमों के किसी की संपत्ति गिराता है, तो नुकसान की भरपाई उसकी जेब से की जाएगी और उसके खिलाफ अभियोजन या अवमानना की कार्रवाई भी हो सकती है। शासन का यह कदम मनमानी पर लगाम लगाते हुए पारदर्शिता की नई मिसाल पेश करता है। नई नीति यह सुनिश्चित करेगी कि निर्दोष का घर या दुकान न टूटे, लेकिन अवैध निर्माण करने वाला अब छिप नहीं सकेगा।

**खास बात**

- अवैध निर्माण पर राज्य शासन ने लागू की नई पारदर्शी व्यवस्था

### अपील की प्रक्रिया को बनाया सशक्त

शासन ने स्पष्ट किया है कि अब नोटिस देना, जवाब लेना, सुनवाई करना और हर कार्रवाई का रिकॉर्ड रखना अनिवार्य होगा। नए आदेश के अनुसार, अब नोटिस रजिस्टर्ड डाक से भेजना जरूरी होगा। साथ ही उसकी एक प्रति संबंधित भवन की दीवार पर चिपकाई जाएगी, ताकि यह दावा न किया जा सके कि सूचना नहीं मिली। शासन ने अपील की प्रक्रिया को भी सशक्त बनाया है।

### डिजिटल ट्रैकिंग के रूप में बड़ा बदलाव

सबसे बड़ा बदलाव डिजिटल ट्रैकिंग के रूप में किया गया है। अब सभी नगर निगम और नगर पंचायतों को डिजिटल पोर्टल बनाने का निर्देश दिया गया है, जिसमें हर अवैध निर्माण से जुड़ी फाइल, नोटिस, जवाब, आदेश और सुनवाई की स्थिति सार्वजनिक रूप से देखी जा सकेगी। जनता अब ऑनलाइन यह जान सकेगी कि किसका निर्माण अवैध घोषित हुआ और क्या कार्रवाई चल रही है।

# स्वच्छता में कोताही पड़ी भारी, एसईसीएल पर निगम ने ठोंका 50 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने एसईसीएल कोरबा, मानिकपुर क्षेत्र के विभिन्न स्थलों, मुख्य मार्गों, आवासीय क्षेत्रों में जगह-जगह पसरी गंदगी व कचरे का ढेर देखकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने एसएलआरएम सेंटर की अव्यवस्था पर भी अफसोस जाहिर किया तथा एसईसीएल प्रबंधन को नोटिस जारी करने एवं प्रबंधन पर शहर की स्वच्छता के साथ खिलवाड़ करने पर 50 हजार रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किए जाने की कार्यवाही के निर्देश अधिकारियो को दिए।

आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों की टीम के साथ एसईसीएल मानिकपुर क्षेत्र अंतर्गत मानिकपुर बस्ती, पोखरी के पास, जीएम आफिस के पीछे, मानिकपुर बाजार, रेलवे स्टेशन गेट नम्बर 2 के पास व मुख्य व संपर्क मार्गों का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इन सभी स्थलों पर जगह-जगह बिखरी गंदगी, कचरे का ढेर व साफ-सफाई का अभाव परिलक्षित होने पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने सफाई ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- एसईसीएल क्षेत्र में पसरी गंदगी व कचरे को देख आयुक्त ने जताई नाराजगी


एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण करते निगम आयुक्त श्री पांडेय।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 149. विजय कुमार डोंगरे पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - प्रेम नगर लोधी पारा गुढ़ियारी रायपुर, 150. केशव देवांगन पिता\पति हेमलाल देवांगन पता - बीरगांव वार्ड क्र. 26, 151. गौरव साहू पिता\पति मनी साहू पता - सुदामा नगर टिकरापारा रायपुर, 152. ज्योत्सना चौकीदार पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - पहाड़ी पारा गुदियारी रायपुर, 153. मनीष साय पिता\पति मोहन साय पता - आर.डी. ए छोटी कॉलोनी टिकरापारा, 154. खूबचंद साहू पिता\पति दीनदयाल साहू पता - भनपुरी रायपुर, 155. अनीता ध्रुवंशी पिता\पति स्व. लक्ष्मी सिंह ध्रुवंशी पता - राधास्वामी नगर रायपुर, 156. संस्कार सोनकर पिता\पति स्व. दीपक सोनकर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाटागाँव रायपुर, 157. टिकेश्वर साहू पिता\पति जय प्रकाश साहू पता - बोरिया कला, 158. अनीता पटेल पिता\पति देवसिंह पटेल पता - ग्राम पोस्ट टेकारी (कुंडा), 159. हरीश कुमार साहू पिता\पति नारायण साहू पता-परसदा जोशी, 160. अभिषेक साहू पिता\पति द्वारिका प्रसाद साहू पता-शंकर नगर कोष्टा पारा वार्ड 25, 161. डागेश मंडावी पिता\पति चंद्रहास मंडावी पता-सेहरा डबरी वार्ड 08 कॉलोनी, 162. पुर्वाशी साहु पिता\पति रीकेश कुमार साहु पता- रावन भाटा नगरी, 163. उमभावानी साहू पिता\पति शिवकुमार साहू पता- टेड़ेसरा, 164. झाविश साहू पिता\पति रोमलाल साहू पता-कौरिन भाठा बसंतपुर, 165. निशा साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- टेड़ेसरा राजनादगांव, 166. घनश्याम प्रसाद शर्मा पिता\पति अयोध्या प्रसाद पता- वार्ड न. 11 बेमेतरा, 167. विधान मिश्रा पिता\पति प्रफुल्ल मिश्रा पता- भानुप्रतापपुर, 168. रामपाल साहू पिता\पति स्व. रामेशर साहू पता- घुमका, 169. साक्षी घोस पिता\पति एस. घोस पता- न्यू हाउसिंग वार्ड कॉलोनी जगदलपुर, 170. भामा यादव पिता\पति राकेश कुमार यादव पता-कलेक्ट्रेट कॉलोनी मचेवा, 171. संदीप पाण्डेय पिता\पति रामजी प्रसाद पता- कवर्धा, 172. भाव्या पिता\पति अश्वनी कुमार पता-बुगबड़ा 173. देव सिंह बघेल पिता\पति कपिल राम बघेल पता- बांधापारा कोंडागांव, 174. शिव रानी पिता\पति आर. त्रिमूर्तिय पता- भिलाई सेक्ट -9 हॉस्पिटल, 175. देविका सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 176. देवनाथ देवांगन पिता\पति स्व. कवल सिंह देवांगन पता- म.न. 95 वार्ड न. 56 बघेरा दुर्ग, 177. अशोक सिन्हा पिता\पति दुकालू राम सिन्हा पता- गया नगर दुर्ग, 178. सृष्टि चौधरी पिता\पति स्व. राजेश चौधरी पता- प्लाट न. 4/5 राधिका नगर भिलाई, 179. भारती साहू पिता\पति युवराज साहू पता-EWS 8/2 कोसा नगर दुर्ग, 180. टेरेन्स ठाकुर पिता\पति येदलाल ठाकुर पता- वर्मा हार्डवेयर रामनगर मुक्ति धाम भिलाई, 181. आरुशी टंडन पिता\पति हरीश टंडन पता- राम चौक रामनगर सुपेला भिलाई, 182. गरिमा सिन्हा पिता\पति राजेंद्र प्रसाद सिन्हा पता- सुपेला पांच रास्ता भिलाई, 183. कनक लता दिल्लीवार पिता\पति जनक लाल दिल्लीवार पता-विनायकपुर दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 184. प्रहलाद सिंह नेताम, पिता/पति-- दाऊराम नेताम, पता - अश्वग्रीन कॉलोनी, सेंदरी जिला बिलासपुर, 185. अक्जा सिद्दिकी, पिता/पति- फिरोज अहमद सिद्दिकी पता- लिंक रोड बिलासपुर, 186. कृष्ण कुमार यादव पिता/पति- स्व.रामस्वरूप यादव, पता- मगरपारा बिलासपुर, 187. विशेष कुमार महानंद पिता/पति- राजकुमार महानंद, पता- जबड़ापारा सरकंडा, बिलासपुर, 188. रविशंकर मिश्रा पिता/पति- अयोध्या प्रसाद मिश्रा पता- सरकंडा, बिलासपुर, 189. मयंक ऊके पिता/पति- अरविदं ऊके, पता- मगरपारा, बिलासपुर, 190. नीलू कुमारी पिता/पति- स्व. यूवेल कुमार, पता- आधार विद्या मंदिर, तालापारा, बिलासपुर, 191. कुंदन कटैलिहा, पिता/पति- नर्मदा कटैलिहा पता- सदर बाजार, बिलासपुर, 192. नंदलाल कोसले पिता/पति- शिव कुमार कोसले, पता- इमलीभाठा, बंधवापारा, बिलासपुर 193. जे. बी. सिद्दिकी पिता/पति- मो. तौफीक सिद्दिकी, पता- इंद्रपुरी रोड, शांति नगर, तिफरा, बिलासपुर, 194. रितेश जग्गा पिता/पति- नानकराम जग्गा, पता- बिलासपुर 195. चंद्रकली टंडन, पिता/पति- स्व. अशोक कुमार सूर्यवंशी पता- सोनवानी गली, मंझवापारा, बिलासपुर, 196. कौशिल्या शर्मा पिता/पति- स्व.गोधन शर्मा पता- दीनदयाल कॉलोनी, मंगला, बिलासपुर, 197. मंजूलता पटेल पिता/पति- नरेशराम पटेल, पता- मंगला, बिलासपुर, 198. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति- भगवानीराम कौशिक पता- पेण्डारी, बिलासपुर, 199. स्वाति बाजपेयी पिता/पति- उज्वल बाजपेयी, पता- वार्ड नं. 16, वैशाली नगर, बिलासपुर, 200. सुधीर खंडेलवाल पिता/पति- स्व. विष्णु स्वरूप जी पता- ग्रीन गार्डन कालोनी बिलासपुर, 201. सरिता जायसवाल पिता/पति- दीपक जायसवाल, पता- एल आई जी 47, दीनदयाल कॉलोनी, मंगला बिलासपुर, 202. अशोक सूर्यवंशी पिता/पति- गेंदलाल सूर्यवंशी, पता- राजीव गांधी चौक, जरहाभाठा बिलासपुर, 203. तापस चटर्जी पिता/पति- स्व.एम.चटर्जी, पता- हेमू नगर, बिलासपुर, 204. पायल अग्रवाल पिता/पति- स्व. सी.एल. अग्रवाल, पता- तेलीपारा सरजू बगीचा बिलासपुर , 205. देवहूति चंद्रा पिता/पति- केशवराम चंद्रा पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर, 206. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति-कोमल प्रसाद कौशिक, पता- हांफा, बिलासपुर, **भोपाल संस्करण -** 207. मनीष प्रजापति पिता\पति - उदमसिंह प्रजापति पता-जगदीशपुर इस्लाम नगर, 208. भूरी बाई पिता\पति - दिनेश कुमार पता-इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 209. अर्शी शेख पिता\पति - आबिद शेख पता- म न 340 हनीफ कॉलोनी भोपाल, 210. मुकेश सेन पिता\पति- प्रेम नारायण सेन पता-52 ग्राम इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 211. देवेन्द्र भावसार पिता\पति - जानकी वल्लभ पता- भावसार जीरापुर, 212. रमेशचंद्र राठौर पिता\पति - पन्नालाल राठौर पता- जीरापुर, 213. नेहा पिता\पति - रामचंद्र जीरापुर, 214. कनिष्का राठौर पिता\पति - रामबाबू राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, **जबलपुर संस्करण -** 215. संध्या पिता\पति - विजय उसरेठे कुमार पता- कटनी, 216. तन्मय सेन पिता\पति - रत्नेश सेन पता-भट्टा मोहल्ला मुड़वारा कटनी, 217. शिवांश सिंधिया पिता\पति - अमित सिंधिया पता- डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड मंडला, 218. विकास मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह पता- मरावी आमानाला मंडल, 219. रजनी मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 220. राकेश मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 221. दिव्यांजली वर्मा पिता\पति - धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा पता-पाली उमरिया, 222.संदीप कुमार द्विवेदी पिता\पति - रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 समनापुर अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

**खबर संक्षेप**

### तीसरे दिन सूने मकान में जेवर, नकद चोरी



**बिलासपुर।** लगातार तीसरे दिन चोरों ने सक्रियता दिखाते हुए ट्रेवल्र्स एजेंसी संचालक के सूने मकान में धावा बोलकर सोने चांदी के जेवर व नकद रकम पार कर दिया। तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, महमंद लालखदान ब्रिज के नीचे रहने वाली ट्रेवल्र्स एजेंसी के संचालक आशीष सिंह ठाकुर पिता अजय सिंह ठाकुर 22 नवंबर को ससुर की देहांत होने के कारण मकान के दरवाजे में ताला लगाकर परिवार सहित अमलाई चले गए थे। इसी दौरान चोरों ने सूने मकान का फायदा उठाकर ताला तोड़कर अंदर घुस गए और पुराना मकान खंगाल डाला। आलमारी से सोने चांदी के जेवर व 50 हजार रुपए नकद चोरी कर आसानी से भाग गए। 24 नवंबर श्री ठाकुर अकेले घर लौटे तब चोरी की जानकारी हुई। चोरी गई जेवर की आंकलन उनकी पत्नी के लौटने के बाद हो पाएगी। सूचना पर पुलिस उनके घर का मुआयना कर लौट गई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

**तीन दिन में तीसरी चोरी:** 25 नवंबर को मंगला चौक नंद विहार कालोनी निवासी विनोद पाठक के सूने मकान के दरवाजे का पल्ला तोड़कर सोने चांदी के जेवर व 72 हजार रुपए नकद सहित साढ़े तीन लाख के सामान व 26 नवंबर को सरकण्डा सीएमएचओ आफिस कैम्पस निवासी सिम्स कर्मी अमरूराम साहू के सूने घर से पायल, अंगूठी, 3 हजार रुपए नकद, कम्प्यूटर का हार्डडिस्क, मदरबोर्ड, ग्राफीकार्ड, मेमोरी कार्ड, माउस, वीडियों गेम, वीडियो कैमरा, बैग चोरी कर लिया गया था।

### हड़ताली कर्मचारियों पर आर्थिक मार, 2 माह से वेतन लंबित

बिलासपुर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत नौकरी कर रहे कर्मचारियों के सामने आर्थिक परेशानी सामने आने लगी है। हड़ताल में होने के कारण पिछले 2 माह से कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल रहा है। ऐसे में कर्मचारियों को मानसिक तनाव से गुजरना पड़ रहा है और अब कर्मचारियों में आक्रोश भड़कने लगा है। प्रदेश में 16 हजार से अधिक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को वेतन के लाले पड़ चुके हैं। कर्मचारियों के सामने परिवार के भरण-पोषण, बच्चों की शिक्षा, किराया/बैंक किस्त भुगतान जैसे जरूरत के लिए आर्थिक सुदृढ़ता नहीं है। बर्खास्त कर्मचारियों की निःशर्त बहाली का आश्वासन दिया गया है, इसके बावजूद कर्मचारियों को बहाल नहीं किया गया है। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष श्याम मोहन दुबे ने कहा कि आंदोलन सरकार से सकारात्मक चर्चा एवं विश्वास पर समाप्त किया गया था, किंतु आश्वासन पूरा न होने से कर्मचारियों के हितों के विपरीत अधिकारियों का रवैया है। संघ के जिलाध्यक्ष राजकुमार यादव ने कहा कि एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर अब मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे। गुरूवार को कलेक्टर को सीएम के नाम ज्ञापन सौपा गया।एनएचएम कर्मचारियों को विगत 2 माह से वेतन प्रदाय करने,5फीसदी एरियर्स, सेवा से पृथक कर्मचारियों की बहाली जैसी मांगें शामिल हैं।

### फिजियोथेरेपिस्ट भर्ती हेतु दस्तावेज की जांच आज

बिलासपुर। जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा बिलासपुर के अंतर्गत संचालित समावेशी शिक्षा के तहत फिजियोथेरेपिस्ट के पद विज्ञापित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों का विस्तृत विवरण एनआईसी के वेबसाईट पद में प्रकाशित किया गया। विज्ञापन के अनुक्रम में 16 आवेदन प्राप्त हुए है। सभी आवेदको के प्रमाण पत्रों का परीक्षण 28 नवम्बर को जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा, बिलासपुर जिला पंचायत द्वितीय तल में दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा।

**संपत्ति मालिकों से वसूली गई राशि, निगम के खाते में जमा ही नहीं**

**कई कर्मचारी ऐसे भी, सुबह वसूली, शाम तक निगम के खाते में जमा**

# नगर निगम में गिरोह सक्रिय, 341 संपत्ति मालिकों से टैक्स वसूला, पैसे खुद रख लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



शहर में इन दिनों एक ऐसा गिरोह सक्रिय है, जो संपत्ति कर की वसूली के लिए दूसरों के नाम पर जारी रसीद बुक के जरिए जनता से टैक्स वसूल रहा है और राशि नगर निगम के खाते में जमा करने के बजाए खुद के खातों में जमा कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2025 के बीच तिफरा जोन क्रमांक 2 में वार्ड के 341 संपत्ति मालिकों से टैक्स की वसूली की गई है, लेकिन पैसे सरकारी खजाने में अब तक जमा नहीं किए गए हैं।

अगर आपका शहर में स्वयं का मकान है और आप निर्धारित समय पर नियमित रूप से नगर निगम को प्रार्पटी टैक्स का भुगतान कर जागरूक और ईमानदार नागरिक होने का परिचय दे रहे हैं, तो यह जरूरी नहीं कि आपसे टैक्स वसूलकर ले जा रहे नगर निगम के कर्मचारी भी ऐसा परिचय दे रहे होंगे। नगर निगम में अभी कुछ इसी तरह का प्रकरण सामने आया है।

तिफरा जोन क्रमांक-2 में पदस्थ सहायक राजस्व निरीक्षक रामनारायण देवांगन के द्वारा वार्ड के 341 संपत्ति मालिकों से 15 लाख 62 हजार 664 रूपए टैक्स की वसूली की गई है, लेकिन वसूली गई राशि दो साल में भी नगर निगम के खाते में जमा नहीं हो सकी है।

मामले का खुलासा संपरीक्षा विभाग की ऑडिट में हुआ है। संपरीक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में आपत्ति करने के बाद नगर निगम कमिश्नर ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच टीम बनाकर पंद्रह दिनों में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

**राजस्व अधिकारी ने उच्चाधिकारियों को क्यों नहीं दी सूचना?**

सहायक राजस्व अधिकारी को संपत्ति कर की वसूली के लिए जारी की गई रसीद बुक का हिसाब कभी न कभी तो राजस्व अधिकारी के द्वारा मांगा ही जाता होगा। क्या इस मामले में राजस्व अधिकारी द्वारा अपने अधीनस्थ से वसूली गई राशि एवं बैंक जमा का हिसाब नहीं लिया गया था? यदि नहीं लिया गया तो यह कार्य में सीधे उदासीनता है, और यदि लिया गया तो गबन की शिकायत निगम के उच्चाधिकारियों से क्यों नहीं की गई?

**रसीद किसी और के नाम जारी वसूली किसी और ने की?**

विश्वस्त सूत्रों के अनुसार यह पूरा मामला दूसरे के कंधे मे बंदूक रखकर चलाने जैसा है। बताया जा रहा है कि रसीद बुक तो संबंधित क्षेत्र के कर्मचारी के नाम पर जारी हुआ है, लेकिन टैक्स की वसूली अन्य व्यक्तियों के द्वारा की गई है। यही कारण है कि वसूली के बाद राशि शासन के खाते में जमा करने के बजाय बेखौफ होकर स्वयं के उपयोग के लिए रख ली गई, ताकि मामला पकड़ में आने पर पूरा ठीकरा उस व्यक्ति पर मढ़ा जा सके, जिसके नाम पर रसीद बुक जारी की गई है।

**कर्मचारियों की वसूली गई राशि रोज बैंक में जमा**

नगर निगम के 70 वार्डों में 70 सहायक राजस्व निरीक्षक पदस्थ हैं, जो प्रतिदिन संपत्तिकर की वसूली के लिए अपने वार्डों में निकलते हैं। वसूल की गई राशि के साथ वे दोपहर तक नगर निगम के दफ्तर पहुंचते हैं, जहां वे अपना हिसाब प्रस्तुत करते हुए वसूल की गई राशि को बैंक में प्रतिदिन राशि जमा करने के लिए नियुक्त किए गए कर्मचारी के सुपुर्द करते हैं। एक सहायक राजस्व निरीक्षक ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि कई बार शुक्रवार को वसूली के बाद निगम पहुंचने में देर हो जाती है, जिससे वसूली का पैसा शनिवार व रविवार को अपने पास ही रखना पड़ता है, जिससे सरकारी पैसे अपने पास रखने वाली फिलिंग आती है। जब निगम में प्रतिदिन वसूली की राशि बैंक में जमा करने की व्यवस्था बनाई गई है तो दो-दो साल तक राशि अपने पास रखना सीधे-सीधे गबन की ओर इशारा कर रहा है।

**मामले की जांच कर रही है टीम**

जांच टीम इस मामले की जांच कर रही है। पंद्रह दिनों के भीतर सारा प्रकरण स्पष्ट हो जाएगा। दोषी पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए हैं।

-अमित कुमार, कमिश्नर नगर निगम

**सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद अब युवक को ढूंढ रही पुलिस**

# नए रिवरव्यू में कार की छत व बोनट पर बैठकर युवकों ने किया स्टंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



रिवरव्यू में रील बनाते युवक।

हमारा दबदबा है इलाके में... कहते हुए नए रिवरव्यू में एक युवक ने कार की छत व सामने बोनट पर बैठकर रील बनाया, सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद अब पुलिस युवक को ढूंढ रही है।

गुरूवार को सोशल मीडिया में नए रिवरव्यू में एक युवक का बिना नम्बर की कार की छत व बोनट पर बैठकर रील बनाने का वीडियो जोरों से वायरल हो रहा है। वीडियो में डायलाग अपलोड किया गया है कि हमारा दबदबा है हमारे इलाका में, हम पर कोई हाथ नहीं डाल सकता। इस वीडियो की शहर में जोरो से चर्चा है। वीडियो वायरल होने के बाद अब पुलिस इस युवक को ढूंढ रही है, फिलहाल यह पकड़ में नहीं आया है। उल्लेखनीय है कि युवाओं में रील बनाने का जूनून बढ़ता जा रहा है, रील बनाने की धुन में ये युवा अपनी जान से भी खिलवाड़ करते नजर आ रहे हैं। पूर्व में इमलीपारा में एक युवक का अश्लील वीडियो वायरल हुआ था। इसके अलावा रतनपुर में रोड नेशनल हाइवे पर सड़क को रोककर रील बनाते व मस्तूरी रोड पर गाड़ियों के काफिला में दरवाजे से बाहर निकलकर रील बनाते व पुराना रिवरव्यू में बाइक से स्टंट करते युवाओं का वीडियो वायरल हुआ था। हाईकोर्ट की नाराजगी के बाद स्टंट कर रील बनाने वाले युवाओं के खिलाफ कार्रवाई हुई थी। उसके बाद भी युवा जान जोखिम में डालकर रील बनाने से बाज नहीं आ रहे हैं।

**पतासाजी की जा रही है**

रिवरव्यू में बिना नम्बर की कार की छत व बोनट पर बैठकर रील बनाते वीडियो मिला है। युवक की पहचान कराई जा रही है। पहचान होने पर युवक के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

-एसआर साहू, सिविल लाइन टीआई

# मोबाइल टावर पर चढ़कर शराबी ने मचाया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



बुधवारी बाजार में लगे एक मोबाइल टावर पर एक शराबी चढ़कर हंगामा मचाने लगा। सूचना पर तोरवा पुलिस और आरपीएफ के स्टाफ मौके पर पहुंच गए। करीब एक घंटे के बाद शराबी स्वयं नीचे उतर गया, जिसके बाद तोरवा पुलिस ने उसे थाने लाने के बाद मुलाहिजा के लिए अस्पताल भेज दिया।

गुरुवार की शाम साढ़े 4 बजे से 5 बजे के बाद बुधवारी बाजार और आरपीएफ क्वार्टर के बीच लोगों का जमावड़ा शुरु हो गया। भीड़ को देखते ही वहां अन्य लोग भी बढ़ने लगे। इस दौरान लोगों ने देखा कि एक व्यक्ति बुधवारी बाजार और रेलवे क्वार्टर के बीच लगे मोबाइल टावर के सबसे ऊपर में चढ़कर किनारे में खड़ा हो गया है। उक्त व्यक्ति को ऊपर देखकर लोगों ने चिल्लाना शुरु कर दिया। कई लोगों को लगा कि वह खुदकुशी करने के लिए टावर पर चढ़ा हुआ है। वह व्यक्ति ऊपर से नीचे उतरने का नाम नहीं ले रहा था। सूचना मिलते ही आरपीएफ के प्रभारी नंद बहादुर, तोरवा थाना प्रभारी अभय बैस सहित अन्य स्टाफ तत्काल मौके पर पहुंचे। करीब एक घंटे तक उस व्यक्ति को नीचे उतारने की कोशिश भी की गई, लेकिन वह किसी की बात नहीं सुन रहा था। डेढ़ घंटे के बाद वह व्यक्ति अपने आप नीचे उतर गया। पुलिस और आरपीएफ ने उक्त व्यक्ति से टावर के ऊपर चढ़ने का कारण पूछा। बुधवारी बाजार निवासी मुकेश चंद्रवंशी पिता मल्ला चंद्रवंशी 40 साल शराब के नशे में था, जो बिना किसी कारण के ऊपर चढ़ने के बाद अपने आप ही नीचे उतर गया था। तोरवा पुलिस ने पूछताछ करने के बाद मुकेश चंद्रवंशी को मुलायजा के लिए अस्पताल भेज दिया है, जिसके उपरांत शुक्रवार को आगे की कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया है।

# बीच बचाव करने गए दो भाइयों पर चाकू से जानलेवा हमला



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शराब पीने के दौरान विवाद होने पर बीच बचाव करने गए दो भाइयों पर पिता व तीन पुत्रों ने मारपीट कर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है।

पचपेड़ी थाना प्रभारी राज सिंह ने बताया, सुकुलकारी निवासी राजेश्कर कुर्रे पिता कुशल कुर्रे ने रिपोर्ट लिखाई। 26 नवंबर की रात 8 बजे वह गांव के कमल कुमार महिलांगे के घर शराब पीने गया था। शराब खत्म होने से और मांगने पर दोनों के बीच विवाद हो गया। इससे कमल कुमार महिलांगे व उसके बेटे राकेश कुमार, दुर्गेश कुमार, जयश कुमार उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। वह भागने लगा तो चारों दौड़ाकर पीछा करते हुए रहस चौक में घेरकर मारपीट करते लगे। चौक में बैठे दो भाई राजेन्द्र महिलांगे, फूलचंद महिलांगे मारपीट करते देख बीच बचाव करने गए तो पिता व तीन पुत्रों ने उनके साथ हाथ मुक्का लाठी से मारपीट करते हुए दोनों भाइयों पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। चाकूबाजी की वारदात से गांव में सनसनी फैल गई। दोनों भाइयों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

■ शराब पीने के दौरान विवाद

पुलिस ने रात में पतासाजी कर पिता व तीनों पुत्रों को पकड़ लिया है। पुलिस ने राजेश्कर कुर्रे की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 109, 296, 115, 2, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है।

# स्कॉर्पियो में आ रहे तस्कर, रात के अंधेरे में कर रहे गौवंश की चोरी



■ सीसीटीवी में कैद हुई घटना, लगातार बढ़ रही वारदात

**अंबिकापुर।** शहर में मवेशियों की चोरी करने का मामला सामने आया है। रात के अंधेरे में चोर बोलेरो, स्कॉर्पियो जैसे वाहनों में आ रहे है और गौवंश की चोरी कर ले जा रहे है। ताजा मामला शहर के मिशन चौक का सामने आया है जहां तस्कर काली रंग की स्कॉर्पियो में मवेशी की चोरी कर भाग निकले। अब इस घटना का वीडियो वायरल हुआ है इसके साथ गौ-रक्षकों ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

बताया जा रहा है कि इन दिनों सरगुजा में एक गिरोह सक्रिय हुआ है जो रात के अंधेरे में सड़क किनारे खुले में बैठी गाय, बछिया की चोरी कर रहा है। 4 से 5 तस्कर स्कॉर्पियो, बोलेरो जैसे वाहनों में आते है झुण्ड में बैठे मवेशियों में से एक या दो मवेशियों को वाहनों में भरकर ले जाते है। 21 नवम्बर की देर रात भी शहर के मिशन चौक उड़िया पंडित कॉम्पलेक्स समीप भी इसी तरह का मामला सामने आया है जहां एक काली रंग की स्कॉर्पियो में कुछ तस्कर पहुंचे थे। तस्कर नवापारा गली से निकले थे, चोरी के दौरान उनके वाहन का हेड लाईट तक बंद था। बड़ी ही तेजी से सड़क किनारे बैठी एक गाय को रस्सी से खींचकर अपने वाहन में भर लिया और फिर भाग निकले। बताया जा रहा है कि सरगुजा में इस तरह की घटनाएं लगातार हो रही है। तस्कर बेखौफ होकर आ रहे है और मवेशियों की चोरी कर रहे है। पूर्व में प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव भी इस मुद्दे को प्रमुखता से उठा चुके है और उन्होंने प्रदेश से बड़े पैमाने पर गौवंश की कमी होने की बात भी कही थी लेकिन अब तक इस मामले में शासन प्रशासन ने कोई गंभीरता नहीं दिखाई है। इस संबंध में थाना प्रभारी गांधीनगर प्रदीप जायसवाल ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच चल रही है।



# किसानों ने भूमि सत्यापन एवं पंजीयन संबंधी अड़चनों को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

किसानों ने भूमि सत्यापन एवं पंजीयन में आ रही अड़चनों के विरोध में आज गांधी चौक के समीप विरोध प्रदर्शन किया। प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश पर 30 नवम्बर तक रकबा सुधार नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

विरोध प्रदर्शन कर रहे किसानों ने बताया कि गिरदावरी ओर पंजीयन में भारी गड़बड़ी हुई है। पहले जहां उनका पूर्ण रकबा दर्ज था, वहीं इस बार सिस्टम में रकबा कम दिखाया गया, जिससे धान खरीदी का लक्ष्य अचानक घट गया। किसानों का आरोप है कि जमीन वही है, लेकिन सिस्टम में रकबा कम दिखाकर सीधा नुकसान किया जा रहा है। तकनीकी खराबी के कारण रजिस्ट्रेशन की अनिवार्य प्रक्रियाएं डीएससी और आरसी सत्यापन बार-बार फेल हो रही हैं। पोर्टल में तकनीकी गड़बड़ी के कारण लंबे समय से अटका हुआ है जिससे अब सोसायटी और तहसील के चक्कर में फंसे है। किसानों ने बताया कि सोसायटी उन्हें तहसील भेज रही है और तहसील उन्हें वापस सोसायटी भेज रही है। इस चक्कर में किसानों का समय, पैसा और मेहनत बर्बाद हो रहा है। रकबा कम दर्ज होने और पंजीयन त्रुटियों के कारण किसान समस्याओं को लेकर परेशान थे। इसको लेकर के आज गांधी चौक के पास किस चक्का जाम किए जाने हेतु एकत्रित हो रहे थे। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों के समझाइस के बाद किसान संतुष्ट हुए साथ ही रकबा सुधार किए जाने हेतु मात्र 30 नवंबर तक समय दिया है। कई किसानों का एग्री स्टेट सहित अन्य की समस्याएं हैं जिसका निराकरण इतने कम समय पर संभव नहीं है इस समस्या का निराकरण किया जाने हेतु रणविजय सिंह देव ने कहा कि यदि समस्या का समाधान नहीं होता है तो सभी किसान के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

**एसआईआर के कार्यों में लगी है दूसरे शिक्षक की ड्यूटी**

# एक शिक्षक के भरोसे 90 छात्र छात्राओं की पढ़ाई लिखाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ घोघरी




संकुल केंद्र घोघरी के निकटतम शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय नवापारा में इन दिनों 90 छात्र छात्राओं की पढ़ाई लिखाई एक शिक्षक के भरोसे चल रही है। शिक्षा विभाग द्वारा दूसरे शिक्षक की ड्यूटी एसआईआर के कार्यों में लगा दी गई है।

ज्ञात हो कि शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय नवापारा में इन दिनों 90 छात्र -छात्राएं की दर्ज संख्या होते हुए भी मात्र दो शिक्षक पदस्थ है और उनमें से एक शिक्षक का ड्यूटी इन दिनों निर्वाचन आयोग के महत्वपूर्ण कार्य एस ई आर कार्य में लगा हुआ है साथ ही इस विद्यालय का भवन की हालत जर्जर की स्थिति में भी है वहीं शिक्षक की कमी के वजह से प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक विद्यालय दो पाली में लगाया जा रहा है और इन्हीं शिक्षकों द्वारा बच्चों को शिक्षा देने का कार्य किया जा रहा है इस प्रकार यहां के विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राएं की शिक्षा दीक्षा भगवान के भरोसे उच्च अधिकारियों द्वारा छोड़ दिया गया है एक और जहां शिक्षा विभाग द्वारा दर्ज संख्या 20 के अनुसार एक शिक्षक पदस्थ किया जाना है किंतु यहां 90 छात्र छात्राएं अध्यनरत रहते हुए भी मात्र दो शिक्षक का पदस्थापना किया जाना समस्या पर है ताजुब की बात है कि विकासखंड मुख्यालय से 10 किलोमीटर की दूरी में स्थित विद्यालय का हालात इस प्रकार हो गया है तो दूर दराज में स्थित विद्यालय की व्यवस्था किस प्रकार से होगा। वही संबंध में यहां के सरपंच लक्ष्मी प्रसाद भारद्वाज ने बताया कि अनेकों बार भवन तथा शिक्षक की व्यवस्था हेतु विकासखंड शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया जा चुका है किंतु उनके द्वारा गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।

इस संबंध में सक्ती डीईओ श्रीमती कुमुदनी बाध्य द्विवेदी का कहना है कि मीडिल स्कूल नवापारा में शिक्षकों की कमी को लेकर व्यवस्था बनाई जाएगी।

### राजा पर लगे अपराध को निराधार मानते हुए हाईकोर्ट ने किया दोषमुक्त

सक्ती। सक्ती राजा पर लगे 376 के आरोप को निराधार मानते हुए हाईकोर्ट ने उन्हें दोषमुक्त किया है। राजा धर्मेंद्र सिंह जो कि पूर्व मंत्री स्व.राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह जी के दत्तक पुत्र हैं जिनके विरुद्ध सक्ती पुलिस ने 9 जनवरी 2022 में आवेदिका की झूठी शिकायत पर सक्ती पुलिस द्वारा अपराध पंजीकृत किया गया था। जिसमें सक्ती न्यायालय द्वारा उन्हें 7 वर्ष की कारावास की सजा सुनाई थी। जिसके कारण उन्हें कुछ दिनों के लिए जेल जाना पड़ा था। सक्ती न्यायालय के आदेश से क्षुब्द होकर राजा धर्मेंद्र सिंह उच्च न्यायालय की शरण में गए। माननीय उच्च न्यायालय ने उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रत्येक बिंदु एवं तथ्यों को सुनने के पश्चात निष्कर्ष निकाला। जिसमें राजा धर्मेंद्र सिंह को निर्दोष मानते हुए आरोप से दोषमुक्त किया।

# 915 किलो महुआ लहान किया जब्त, 3 आरोपी पकड़े गए

**मालखरौदा।** आबकारी वृत्त मालखरौदा द्वारा चार प्रकरण के तहत 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार 26 नवंबर को विभिन्न स्थानों पर दबिश दी गई। अड़भार निवासी रतन लाल लहरे पिता लोकनाथ उम्र 55 वर्ष के कब्जे से 10 ली महुआ शराब जब्त किया गया।

अण्डा निवासी रामभरोस वारे पिता कोदाराम उम्र 69 वर्ष के कब्जे से 5.65 ली महुआ शराब जब्त किया गया। फरार आरोपी मथुरा प्रसाद खूंटे पिता शिवदयाल उम्र 40 वर्ष निवासी जमगहन थाना मालखरौदा को न्यायिक रिमांड पर जेल निरुद्ध किया गया। उनके कब्जे से 10 लीटर महुआ शराब व दो बाइक को जब्त किया गया। ग्राम बड़े सीपत में नहर पार किनारे 30 नग प्लास्टिक बोरियों में 465 कि ग्रा महुआ लाहन व 20 ली महुआ शराब बरामद होने पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया। ग्राम चारपारा के विभिन्न मैदान और तालाब में छुपाकर रखे 41 नग प्लास्टिक बोरियों में कुल 615 किलो महुआ लहान व 30 नग प्लास्टिक जरीकेन, 2 नग प्लास्टिक बॉटल में भरी कुल 154 लीटर महुआ शराब बरामद होने से अज्ञात आरोपी के विरुद्ध विवेचना में लिया।

## खबर संक्षेप



### जैसा कर्म करते हैं वैसा ही फल मिलता है : देवी तन्नू

**कोरबा।** बालकोनगर के परसाभाठा वार्ड में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा यज्ञ के दूसरे दिन को कथावाचिका देवी तन्नू पाठक का आयोजन स्थल पर आयोजन समिति समेत श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। यजमान डॉ. एमएल चंद्रा व राजेश्वरी चंद्रा ने व्यास पीठ में उनके विराजित होने पर भगवान भागवत के साथ उनका पूजन किया। तत्पश्चात व्यास पीठ से कथावाचिका देवी तन्नू पाठक ने अपने श्रीमुख से महात्मय कथा व शुकदेव जन्म उत्सव का वर्णन किया। देवी तन्नू पाठक ने कथा के दौरान सभी को सत्य मार्ग पर भगवान की सेवा करते हुए चलने और सदा अच्छे कर्म करने के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि संसार में हम जैसा कर्म करते हैं वैसा ही फल वापस मिलता है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर कथा श्रवण करते हुए पुण्य लाभ लिया।

### छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश पदाधिकारी बने तरुण व नोहर





**कोरबा।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र कुमार राठौर के नेतृत्व में प्रदेश प्रदेश स्तरीय कार्यों में सक्रियता बनाने के लिए प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें कोरबा जिले के दो सक्रिय शिक्षकों को प्रांत के महत्वपूर्ण पदों का दायित्व दिया गया है। जिसमें तरुण प्रकाश वैष्णव को प्रदेश महासचिव एवं नोहर चन्द्रा को प्रदेश महामंत्री बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र कुमार राठौर ने बताया कि पूर्व में भी तरुण प्रकाश वैष्णव और नोहर चन्द्रा ये दोनों हमारे सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षा फेडरेशन के कर्मठ और सक्रिय पदाधिकारी के रूप में कार्य किए हैं। इन्होंने हमेशा शिक्षकों के हित के लिए कार्य किया है इसलिए संगठन को मजबूत और सशक्त बनाने के लिए इन्हें यह दायित्व दिया गया है।

### सृष्टि महिला समाज सेवी संस्था ने शासकीय स्कूलो में वितरित किए स्वेटर



**गेवरा दीपका।** गेवरा की सृष्टि महिला समाज सेवी संस्था जन सरकार के तहत सामाजिक गतिविधियों में हमेशा सहभागिता के माध्यम से जुड़ी रहती है। इसी कड़ी में संस्था के द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला विजयनगर, आदिमजाति प्रायमरी स्कूल उर्जनगर, प्रायमरी स्कूल धनवारपारा, ग्राम पंचायत ढुरेना तथा प्राथमिक /माध्यमिक शाला, चैनपुर बसाहट, संकुल- झाबर, विकासखंड-कटघोरा में उपस्थित सभी छात्रों को गर्म स्वेटर वितरण किया। ग्रामीण इलाकों के स्कूलों सृष्टि समाजसेवी संस्था नवाचारी प्रयासों की प्रशंसा हो रही है। सृष्टि समाज सेवी संस्था की अध्यक्ष श्रीमती गौरी चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में हाईस्कूल विजयनगर में विभिन्न विषयों के साथ नशामुक्ति पर, संस्था के सदस्यों द्वारा नाटक का मंचन कर बच्चों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। बच्चों में जागरूकता कार्यक्रम में श्रीमती गौरी चक्रवर्ती ने चारित्रिक विकास सम्बंधित, श्रीमती रागिनी तिवारी ने स्वास्थ्य, स्वच्छता व सेनेटरी पैड सम्बंधित, श्रीमती ममता मिश्रा ने स्वास्थ्य के लिए खेल की आवश्यकता पर, श्रीमती प्रीति शर्मा ने साइबर क्राइम पर, श्रीमती बी. स्निग्धा ने बच्चों में सुसंस्कार सम्बंधित, श्रीमती कल्पना शुक्ला द्वारा सनातन सम्बंधित तथा श्रीमती प्रिया पटेल द्वारा जीवन के लिए योग विषय पर बच्चों को जागरूक किया गया। इसके साथ ही श्रीमती कल्पना शुक्ला, श्रीमती खुशबू देवांगन, श्रीमती माला बारीक, श्रीमती प्रिया पटेल, श्रीमती अंशु साहू, श्रीमती रंजीता साहू एवं पुष्पा तिवारी द्वारा मनोरंजक ढंग से नशामुक्ति पर नाटक के मंचन किया गया।

## निधन

### विक्रम जायसवाल



**कोरबा।** जायसवाल (कलार) समाज के सदस्य व दर्री निवासी स्व बजरंग प्रसाद जायसवाल के सुपुत्र विक्रम कुमार जायसवाल (अधिवक्ता) की आकास्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को सुबह 11 बजे मोतीसागरपारा मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### सुरजीत लाल



**कोरबा।** पावर इम्पेरियल रोड निवासी सुरजीत लाल शर्मा का गुरुवार को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार शोक संतप्त छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### मुआवजा, बसाहट और रोजगार की मांगों को लेकर प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन

# एसईसीएल गेवरा कार्यालय में दो भूविस्थापित परिवारों का सत्याग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा प्रबंधन के वादा खिलाफी के विरोध में दो भू-विस्थापित परिवारों ने एसईसीएल गेवरा कार्यालय में लगभग 3 घंटे तक धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। भूविस्थापित परिवार घंटों तक शांतिपूर्ण सत्याग्रह पर बैठे रहे। भूविस्थापितों ने मांगे पूरी नहीं होने पर नग्न प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

भू-विस्थापित जोहनराम निर्मलकर और ललित महिलांगे के परिवार के सदस्यों की मांग है कि मुआवजा, बसाहट, एग्रेशिया राशि और परिवार के सदस्य के लिए वैकल्पिक रोजगार की व्यवस्था की जाए। जोहनराम निर्मलकर ने प्रबंधन की उदासीनता पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी एक मकान को अपनी पुत्री के नाम नापी कराया था जिसकी दो साल पहले मृत्यु हो जाने पर मुआवजा लटक गया। अगर उनकी नातिन (स्वयं की पुत्री लता की संतान) के मकान की परिसंपत्तियों का उचित मुआवजा नहीं मिला तो वे अपनी नातिन को एसईसीएल को सौंप देंगे। दूसरे परिवार के ललित महिलांगे ने प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा एक सप्ताह के भीतर मुआवजा नहीं दिया गया तो एसईसीएल कार्यालय परिसर में नग्न होकर प्रदर्शन करूंगा। लगभग तीन घंटे के धरना-प्रदर्शन के बाद दोनों परिवारों ने एसईसीएल प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उन्होंने अपनी लंबित समस्याओं के जल्द से जल्द और संतोषजनक निराकरण की मांग की है।



जीएम कार्यालय के भीतर सत्याग्रह करते भूविस्थापित परिवार।

### सात सूत्रीय मांगों को लेकर ग्रामीण अनिश्चितकालीन हड़ताल पर




**हरदीबाजार।** एसईसीएल दीपका प्रबंधन की मनमानी, हठधर्मिता व ग्रामीणों की मांगों को लिखित रूप से नहीं देने के विरोध में हरदीबाजार के ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालिन हड़ताल पर बैठे हैं। कलेक्टर, दीपका महाप्रबंधक व हरदीबाजार थाना में लिखित सूचना देकर गांव हित में 24 नवंबर से 7 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर पूराना कालेज के सामने बैठे हुए हैं। शांतिपूर्ण ढंग से कर रहे हड़ताल में पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, सरपंच लोकेश्वर कंवर, अजय दुबे, चंद्रहास राठौर, रामशरण कंवर, विजय जायसवाल, धर्मेन्द्र डहरवाल, रेखराम पांडेय, प्रेम डिक्सेना, रामायण यादव, राजेन्द्र जगत, ममता ओग्रे, बाबूराम राठौर, चैतराम बघेल, राज ओग्रे सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# छात्रावासों के तीन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का पीएससी में चयन, कलेक्टर ने किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पीएससी में चयनित प्रतिभागियों को सम्मानित करते कलेक्टर।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सिविल सेवा परीक्षा 2024 के घोषित परिणामों में कोरबा जिले के प्री/पोस्ट मैट्रिक आदिवासी छात्रावासों में अध्ययनरत रहे तीन विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट सफलता अर्जित की है। इन उपलब्धियों ने न केवल जिले का मान बढ़ाया है बल्कि आदिवासी विकास विभाग के लिए भी यह गौरव का क्षण है। सफल तीनों युवाओं को कलेक्टर अजीत वसंत ने हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

सफल अभ्यर्थियों में मेवा लाल पिता बाबू लाल वर्ष 2010 से 2016 तक प्री/पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास करतला में रहकर अध्ययनरत रहे। उन्होंने राज्य सेवा परीक्षा 2024 में समाज कल्याण विभाग में सहायक संचालक के प्रतिष्ठित पद पर चयन हासिल किया है। संजय कुमार पिता बाबू लाल, जिन्होंने 2010 से 2016 तक प्री/पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास करतला में अध्ययन किया, ने भी इस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए वित्त एवं योजना विभाग के अधीनस्थ लेख सेवा अधिकारी के पद पर स्थान प्राप्त किया है। वहीं श्रीकांत कंवर पिता स्वर्गीय श्यामलाल कंवर वर्ष 2012 से 2014 तक पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास कोरबा में अध्ययनरत रहे। उन्होंने राज्य सेवा परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त कर वाणिज्य कर विभाग में राज्य कर निरीक्षक के पद पर चयनित हुए हैं। आदिवासी विकास विभाग जिला कोरबा की ओर से तीनों प्रतिभाशाली युवाओं, उनके परिवारों तथा छात्रावास प्रबंधन को हृदय से बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गई हैं। विभाग ने विश्वास व्यक्त किया है कि छात्रावासों के विद्यार्थियों की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरक साबित होगी और आने वाले समय में भी जिले, समुदाय एवं राज्य का सम्मान बढ़ाने वाली सफलताएँ मिलती रहेंगी। तीनों चयनित अभ्यर्थियों ने कलेक्टर अजीत वसंत से सौजन्य भेंट की। कलेक्टर ने उन्हें सफलता की शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# यात्री बसों पर ठोंका 9 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




कोरबा से बिलासपुर व्हाया कटघोरा मार्ग में यात्री बसों द्वारा यात्रियों से निर्धारित किराए से अधिक किराए वसूल करने एवं बसों में किराए सूची चस्पा नहीं करने पर परिवहन विभाग की टीम ने निरीक्षक पंचम सिंह के नेतृत्व में बसों की चेकिंग कर 5 यात्री बसों में सूची चस्पा नहीं करने और निर्धारित दर से अधिक वसूली किये जाने पर कार्यवाही करते हुए बस संचलाकों के खिलाफ 9 हजार रुपए समन शुल्क वसूल कर ऐसी पुनरावृत्ति भविष्य में दोबारा नहीं करने की हिदायत दी है।

# राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में तीसरी बार पुरस्कृत हुई श्रेया



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पावर ग्रिड द्वारा ऊर्जा संरक्षण विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में श्रेया साहू ने एक ग्रह एक अवसर ऊर्जा बचाए के विषय पर निर्धारित दो घंटे में बेहतरीन चित्रकला का प्रदर्शन कर 75सौ रुपये का चेक एवं सर्टिफिकेट से सम्मानित हुई। उपरोक्त राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन 25 नवंबर को पावर ग्रीड कुम्हारी रायपुर में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में रजनीश तिवारी मुख्य महाप्रबंधक पावर ग्रड पश्चिम क्षेत्र नागपुर रहे। विशिष्ट अतिथि संजय खंडेलवाल मुख्य अभियंता सीएसपीडीसीएल दुर्ग क्षेत्र रहे एवं कार्यक्रम के अध्यक्षता आरपी साहू प्रबंधक एवं नोडल अधिकारी पावर ग्रिड कुम्हारी के द्वारा की गई। श्रेया साहू ने राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता पावर ग्रिड का यह पुरस्कार लगातार तीसरे वर्ष प्राप्त की है। श्रेया ने ऊर्जा संरक्षण के विभिन्न उपायों एवं वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों के उपयोग के संदेश को बड़ी बखूबी के साथ अपने चित्रकला के माध्यम से प्रदर्शित किया। इससे पूर्व भी श्रेया प्रतिभा सम्मान योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में मुख्यमंत्री से सम्मानित हो चुकी हैं। श्रेया साहू न्यू एरा प्रोगेसिव स्कूल में कक्षा दसवीं की छात्रा हैं। श्रेया के पिता घनश्याम साहू डीएसपीएम कोरबा पूर्व में कार्यरत है एवं माता श्रीमती नर्मदा साहू शासकीय प्राथमिक शाला अंधरीकछार में शिक्षिका हैं।

# मितानियों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

टीकाकरण से लेकर बीमारियों की रोकथाम तक मितानिनों का व्यापक योगदान रहता है। सभी वार्डों में मितानिन अपने कर्तव्य को बखुबी निभातें आ रही हैं। वार्डवासी उनके सेवा से स्वास्थ्य के प्रति निश्चित रहते हैं। छत्तीसगढ़ में मित्र बनाने की पुरानी परंपरा के अनुसार मितानिन और मितान बदते (बनाने) की परंपरा चली आ रही है।

उक्त बातें पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने वार्ड क्रमांक 4 राताखार में मितानीन दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित मितानीन सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान कही। कार्यक्रम के दौरान वार्ड क्रमांक 3, 4, 5 एवं वार्ड 15 के मितानिनों का सम्मान किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने सभी मितानिनों को साल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पार्षद रवि सिंह चंदेल, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू, पार्षद तामेश अग्रवाल, मुकेश राठौर, प्रेमलता अविनाश बंजारे, पुष्पा स्वामी, अनिमा सिंह, मोहन चंद्रा, बीर सिंह, शुभम विश्वकर्मा, कविता देवी, सुलेखा राय, कमलेश यादव, सरिता कहरा, कमलजीत कौर, गायत्री चौहान, तरूनुम निशा, अनिता यादव, ललिता आदित्य, सुमन देवी, नीरा जायसवाल, शांति साहू, विमलेश यादव, सुमनलता, संध्या साहू, संजू साहू, संगीता सिंह, नंदनी चौहान, सुकृति तिवारी, उर्मिला चौधरी, गायत्री पटेल, रविना जांगड़े, हीरा रत्नाकर, जयश्री, गायत्री विश्वकर्मा, कृष्णा देवांगन, संगीता राठौर आदि उपस्थित थे।



मितानीनों को सम्मानित करते पूर्व राजस्व मंत्री एवं पार्षद।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथि एवं छात्र छात्राएं।


कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में शासकीय कन्या साडा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत लिंग आधारित हिंसा समाप्ति हेतु 16 दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान वीरांगना दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को भारतीय इतिहास की वीरांगनाओं जैसे रानी लक्ष्मीबाई, अवंतीबाई, आहिल्याबाई होलकर, सरोजिनी नायडू, छत्तीसगढ़ की वीरांगनाएँ मिनीमाता, बहादुर कलारीन आदि के जीवन चरित्र और वीरगाथाओं के माध्यम से प्रेरणा दी गई। बच्चों को उनके शौर्य, नेतृत्व और बलिदान के उदाहरण से स्व व्यक्तित्व के विकास और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं के लिए समसामयिक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई और उन्हें पुरस्कार वितरित किए गए। इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे लैंगिक समानता, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, सखी वन स्टॉप सेंटर, साइबर सुरक्षा, आपातकालीन नंबर (112, 181, 1098, 1930), सुकन्या समृद्धि योजना, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, पॉक्सो एक्ट आदि के बारे में जानकारी दी गई और संबंधित ब्रोशर वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्राओं, स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं की उपस्थिति में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी बसंत मिंज एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी गजेंद्र देव सिंह, जिला मिशन समन्वयक रत्ना नामदेव, जेंडर विशेषज्ञ तुलेश्वर दुबे, कीर्तन प्रसाद एवं चाइल्ड लाइन टीम के सदस्य उपस्थित थे।

### सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन

**गेवरा-दीपका।** नगर पालिका परिषद दीपका वार्ड क्रमांक 13 प्रगतिनगर स्थित शिव मंदिर भी टाइप में 10 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन अध्यक्ष राजेंद्र राजपूत एवं क्षेत्रीय पार्षद पीआईसी मेंबर अरूणीश तिवारी ने किया। लंबे समय से मंदिर प्रांगण में एक सामुदायिक भवन निर्माण की मांग की जा रही थी जिसकी सौगात आज नगर पालिका द्वारा उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर विशेष रूप से पुजारी लवकुश द्विवेदी नगर पालिका पार्षद हिमांशु देवांगन, अविनाश यादव, राजेंद्र साहू, राधे श्याम, मृत्युंजय चौबे एवं श्रीमती पुष्पा राठौड़ सहित अन्य महिलाएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## कोरबा मार्केट



गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षो से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

## पृष्ठ 1 का शेष

### विद्युत विभाग का...

कुछ दिन पहले ही इसी तरह की घटना शहरी क्षेत्र में सामने आया था जिसके बाद टीम लाइन काटने के बजाये वापस लौट गई थी। जब विभाग के अधिकारियों को इसकी भनक लगी तो उन्होंने अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई और उपभोक्ता के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने का फरमान जारी किया। बताया जाता है कि यदि अब इस तरह की कोई भी घटना शहर में या जिले के किसी भी जोन में होती है तो उपभोक्ता के खिलाफ तत्काल स्थानीय थाने में एफआईआर दर्ज कराने की कार्यवाही की जाएगी।

### निवास कहीं और...

पंचायत की मतदाता सूची में अपना नाम खोज रहे थे। दोंदरो निवासी फूलसाय श्रीवास ने बताया कि उनका नाम हमेशा दोंदरो ग्राम पंचायत में रहा है और मतदान भी वह दोंदरो के मतदान केंद्र में ही किए हैं लेकिन वर्तमान में उनका नाम ग्राम रुगबहरी की मतदाता सूची में दर्शाया गया है। इसी तरह बालको क्षेत्र के भदरापारा में ऐसे मामले भी आए हैं जिसमें मतदाता अपना परिचय पत्र लेकर बीएलओ के पास पहुंच रहे हैं लेकिन बीएलओ के पास जो मतदाता सूची है उस मतदाता सूची में उक्त मतदाता का नाम ही नहीं है। ऐसी मतदाता अनिता ने बताया कि उनका मतदाता परिचय पत्र रिसदा भदरापारा के नाम से बना है किंतु बीएलओ के पास मौजूद मतदाता सूची में डबरीपारा क्षेत्र की भाग संख्या में नाम होने की जानकारी दी गई लेकिन जब नाम खोजा गया तो उक्त मतदाता का नाम सूची में था ही नहीं जबकि लोकसभा विधानसभा की मतदाता सूची में उनका नाम उसी क्षेत्र में दर्ज था। ऐसे और भी मामले हैं जिनके मतदाता परिचय पत्र वर्ष 2007 और 2015 में जारी तो किए गए हैं लेकिन उनका नाम दूसरे क्षेत्र की मतदाता सूची में दर्ज बताया जा रहा है। जिसके लिए मतदाता को घूमना पड़ रहा है।

### स्वच्छता में...

व्यवस्था में तत्काल सुधार लाने, नियमित सफाई कार्य करने एवं सफाई व्यवस्था पटरी पर लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने निगम के उपायुक्त नीरज कौशिक को निर्देशित करते हुए कहा कि एसईसीएल प्रबंधन को इस हेतु नोटिस दें तथा शहर की स्वच्छता के साथ खिलवाड़ करने, सफाई व्यवस्था के प्रति लगातार लापरवाही बरतने पर 50 हजार रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किए जाने की कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित करें। श्री पाण्डेय ने मानिकपुर में निगम द्वारा संचालित एस.एल.आर.एम.सेंटर का निरीक्षण किया, उन्होने सेंटर की व्यवस्थाओं को देखा तथा सूखे व गीले कचरे का पृथकीकरण, कचरे का प्रबंधन, अपशिष्ट का विक्रय आदि की जानकारी लेते हुए व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश सेंटर सुपरवाईजर को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने स्वच्छता दीदियों से उनके कार्यो व कार्यक्षेत्र के संबंध में चर्चा की तथा डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण व्यवस्था को और अधिक सुव्यवस्थित किए जाने हेतु उनका मार्गदर्शन किया।

### शपथ पत्र

हम दोनों गोविंद कुमार गंगवानी पिता श्री इंदरलाल गंगवानी एवं विनय कुमार अग्रवाल, पिता श्री सीताराम अग्रवाल निवासी अग्रोहा मार्ग कोरबा, तहसील व जिला (छ.ग.) के होकर निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करते हैं :-

1.) यह कि, हम दोनों शपथकर्तागण द्वारा ग्राम कोरबा, तहसील व जिला कोरबा स्थित भूमि खसरा नंबर 550/16 रकबा 0.020 हे. परिवर्तित भूमि को विक्रेतागण प्रीतम लाल राठौर व चंद्रशेखर राठौर पिता कन्हैयालाल, श्रीमती रामायण बाई राठौर पिता कन्हैयालाल राठौर एवं दिलीप राठौर पिता जगदीश प्रसाद राठौर साकिन मुढ़ाली तहसील दीपका जिला कोरबा छ.ग. से दिनांक 09.07.2025 को क्रय करने अनुबंध निष्पादित कर अग्रिम बतौर 20,00,000/- रूपये (बीस लाख रूपये) विक्रेतागण को भुगतान कर दिये हैं।

2.) यह कि बिक्री अनुबंध के संबंध में किसी प्रकार का वाद विवाद न हो सके, विक्रेतागण इस भूमि को किसी अन्य व्यक्ति के पास विक्रय न कर सके। इस कारण समाचार में ईश्तहार प्रकाशन करना चाहते हैं जिसके लिए यह शपथ पत्र निष्पादित किया गया है।

भवदीय
गोविंद कुमार गंगवानी
विनय कुमार अग्रवाल

प्रोसेस क. 361/2025 प्रक्र 14/2025
पेशी तारीख -23.12.2025

### ईश्तहार/नोटिस

**न्यायालय डॉली ध्रुव द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.)**

श्रीमती नीरा अग्रवाल ..........आवेदक/वादी
बनाम
मुख्य महाप्रबंधक NTPC सीपत वगै. अनावेदक/प्रतिवादी

उपरोक्त आवदेक/वादी श्रीमती नीरा अग्रवाल ने अनावेदक/प्रतिवादी मुख्य महा प्रबंधक NTPC सीपत वगै. के विरुद्ध भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 372 के तहत न्यायालय श्रीमान द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी आवेदन प्रस्तुत किया गया है और उक्त आवेदन पत्र की सुनवाई हेतु दिनांक 23/12/2025 तिथि नियत है।

अतः अनावेदक/प्रतिवादी आम जनता (जिसका इससे कोई संबंध हो) को उक्त प्रकरण के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 23/12/2025 को दिन 11:00 बजे उपस्थित होकर अपना जवाबदावा इस न्यायालय में पेश करें, अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए की जाएगी। नोटः अगर उक्त पेशी दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी दिवस में की जावेगी। आज दिनांक 22/11/2022 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

न्यायालय
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.)



## खबर संक्षेप

### एनसीओआरडी की बैठक आज

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में एनसीओआरडी, कानून व्यवस्था एवं नवीन कानून के संबंध में बैठक 28 नवम्बर को शाम 4 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष कोरबा में आहूत की गई है। सर्व संबंधितों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने कहा गया है।

### छुईहापारा में मना संविधान दिवस



**हरदीबाजार।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय छुईहापारा संकुल कटसीरा विकासखंड कटघोरा में संविधान दिवस पर संस्था के प्रधानपाठक ब्रम्हानंद राठौर एवं विद्यालय स्टाफ के द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र में माल्यार्पण एवं पूजन कर सभी को शपथ दिलाई गई। साथ ही प्रधानपाठक राठौर द्वारा संविधान क्या है, संविधान निर्माता भीम राव अम्बेडकर पर प्रकाश डाला गया एवं छःमौलिक अधिकार, कर्तव्य एवं संविधान की ताकत के बारे में बताया गया। 12 अनुसूची 395 अनुच्छेद एवं संविधान की महत्ता पर प्रकाश डाला गया एवं कहा गया कि संविधान भारत का सर्वोच्च कानून है जो प्रत्येक नागरिक को समानता का अधिकार एवं सुरक्षा देती है। बच्चों को संविधान के अध्ययन को लेकर जागरूक होने को कहा। कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती गायत्री राजवाड़े, शिक्षक महेंद्र सिंह, रमाकांत मार्बल शिक्षक एवं एमडीएम समूह तथा सभी छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

### मिनीमाता कन्या महाविद्यालय ने मनाया संविधान दिवस



**कोरबा।** शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के महिला इकाई के द्वारा संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर घंटाघर चौक में स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष प्राचार्य के निर्देशानुसार प्राध्यापक गढ़, रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयं सेविकाओं के द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। इस वाचन में गीतानीया, नम्रता, चांदनी, नीलम, प्रियंका, लेखिका, आरती, नंदिनी, छाया, शैली, जिज्ञासा, माधवी, अंजली, कंचन, कृतिका, शैयिता, कशिश, मेघा सहित अन्य उपस्थित रही।

### निगम कार्यालय साकेत में मनाया गया संविधान दिवस



**कोरबा।** नगर निगम के साकेत भवन में संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान निगम के सभी अधिकारी कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का पाठन किया, निगम के उपायुक्त बीपी त्रिवेदी ने उन्हें प्रस्तावना का पाठन कराया। इसी प्रकार महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों को भी कार्यपालन अभियंता एनके नाथ ने संविधान की प्रस्तावना का पाठन कराया। इस मौके पर निगम के उपायुक्त पवन वर्मा, लेखाधिकारी भवकांत नायक, कार्यपालन अभियंता एनके नाथ, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, मनीष भोई, सुभाषिनी आशावान, आनंद दुबे, दिवाकांत जायसवाल, शंकर साहू, अरविंद सिंह, प्रकाश निषाद, शांतिलाल सोनी, हेमंत गभेल, अरविंद कुर्रे, नीलाम्बर यादव, द्वासराम साहू, कृष्णादास महंत, रामकृष्ण सोनी, परमेश्वर शर्मा, लक्ष्मीनारायण, तिलकाबाई ध्रुव, रामबाई, शीतलाबाई, छबिलाल, रतन सिंह, दीनबंधु महंत आदि सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों व महिला स्वसहायता समूह की उपस्थित सदस्यों ने प्रस्तावना का पाठन किया।

### प्रदेश के बाहर की डाक अब सीधी जा रही राजधानी

# रजिस्ट्री बंद होते ही स्पीड पोस्ट सेवा हो गई महंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डाक विभाग द्वारा रजिस्ट्री बंद करने के साथ ही अब स्पीड पोस्ट सेवा 18 प्रतिशत जीएसटी के साथ महंगी हो गई है। जो स्पीड पोस्ट में आम लोगों के 41 रुपए खर्च होते थे वह अब 55 से 60 रुपए तक पहुंच गए हैं। किसी किसी डाक में 65 रुपए तक खर्च आ रहा है। इससे आम लोगों के जेब में बोझ बढ़ा है।

**खास बात**

- पूर्व में संभागीय कार्यालय बिलासपुर में रुकती थी डाक

डाक विभाग अपनी पुरानी व्यवस्थाओं को धीरे धीरे बदलने की प्रक्रिया शुरु करते हुए सबसे पहले 1 अक्टूबर से रजिस्ट्री पोस्ट सेवा बंद की और उसकी जगह पूर्व में चल रही स्पीड पोस्ट सेवा को ही मान्य करते हुए चालू कर दिया। इससे जिस स्पीड पोस्ट में आम लोगों के 41 रुपए खर्च होते थे वह 18 प्रतिशत जीएसटी के साथ 15 से 20 रुपए महंगे हो गए हैं। स्पीड पोस्ट सेवा में राज्य सरकार ने एक और सुधार किया है। इस सुधार से अब स्पीड पोस्ट सेवा में कम समय लगेगा। पूर्व में बिलासपुर संभाग से बाहर और राज्य से बाहर जाने वाली हर डाक बिलासपुर ऑफिस में ही रुकती थी और वहां से उसका अन्य जिलों के साथ अन्य प्रदेशों के लिए भेजी जाती थी। इस प्रक्रिया में 1 से 2 दिन का अतिरिक्त समय लगा करता था। अब जिले से अन्य जिलों व अन्य प्रदेशों की ओर जाने वाली डाक सीधे रायपुर जाएगी। अब यह डाक बिलासपुर संभागीय मुख्यालय में नहीं रुकेगी सीधे राजधानी रायपुर से अन्य प्रदेशों की ओर भेजी जाएगी। इस व्यवस्था से 2 दिन के समय की बचत होने के साथ स्पीड पोस्ट सेवा जल्दी पहुंचेगी।




**डाक विभाग लगाएगा आधार अपडेशन शिविर**

डाक विभाग के द्वारा आधार कार्ड ऑपरेशन का कार्य भी किया जा रहा है। सबसे पहले आधार कार्ड बनाने की शुरुआत डाक विभाग से ही की गई थी तबसे डाक विभाग के द्वारा आधार के कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में भारतीय डाक विभाग बिलासपुर संभाग द्वारा शहर के स्वामी आत्मानंद हिन्दी मीडियम स्कूल एनसीडीसी में 29 नवंबर को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक विशेष आधार शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आधार एनरोलमेंट एवं आधार अपडेशन संबंधी कार्य किए जाएंगे। इसके अलावा नए आधार कार्ड बनाने के साथ पुराने आधार कार्ड में भी सुधार कार्य किया जाएगा। डाक विभाग के अनुसार 5 से 15 साल की आयु पर बायोमैट्रिक अपडेशन अति आवश्यक है।

# पैदल चल रहे युवक को ट्रैक्टर ने लिया अपनी चपेट में, मौत



दुर्घटनाकारित ट्रैक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

काम करके घर लौट रहा एक युवक को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पाली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सपलवा निवासी सुमिरन धनवार उम्र 24 साल पिता तेज शाह धनवार बुधवार की शाम 6 बजे बारी उमराव से मजदूरी करके पैदल पैदल सड़क मार्ग से सपलवा अपने घर जा रहा था कि पीछे से तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे ठोकर मार दिया। जिससे सुमिरन धनवार गिर गया और ट्रैक्टर उसी के उपर पलट गया। ट्रैक्टर के नीचे दबने के कारण मौके पर ही सुमिरन की मौत हो गई। घटना की सूचना चैतमा चौकी में मिलने पर चौकी प्रभारी अफसर खान अपने दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचे और वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों को सौंप दिया। मौके से आरोपी टैक्टर चालक फरार हो गया है जिसकी पतासाजी की जा रही है। मामले में पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर जांच में जुट गई है।

# उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजय को मिला बेस्ट एरिया जनरल मैनेजर का अवार्ड



जीएम श्री मिश्रा को सम्मानित करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के 41वें फाउंडेशन डे समारोह में दीपका क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजय कुमार मिश्रा को उनके उत्कृष्ट प्रबंधन, दूरदर्शी नेतृत्व एवं प्रशासनिक दक्षता के लिए बेस्ट एरिया जनरल मैनेजर आवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान दीपका क्षेत्र की निरंतर प्रगति, सामाजिक उत्तरदायित्व और खनन क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान को दर्शाता है।



संजय कुमार।

उल्लेखनीय है कि एसईसीएल के 14 क्षेत्रों में से दीपका क्षेत्र के महाप्रबंधक श्री मिश्रा को बेस्ट एरिया जनरल मैनेजर के आवार्ड से सम्मानित किया गया है। महाप्रबंधक संजय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में दीपका क्षेत्र ने खनन कार्यों में गति, उत्पादन तथा सुरक्षा को एक नए स्तर तक पहुँचाया है। दीपका क्षेत्र ने न केवल उत्पादन लक्ष्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त किया, बल्कि प्रदेश प्रशासन और स्थानीय राजस्व विभाग के साथ अभूतपूर्व समन्वय स्थापित करते हुए भूमि अधिग्रहण से जुड़ी चुनौतियों को भी प्रभावी ढंग से पार किया। मलगाँव एवं हरदीबाजार जैसे जटिल और संवेदनशील गाँवों में भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास, सर्वेक्षण एवं मुआवजा वितरण जैसे कार्यों को पारदर्शी, समयबद्ध और सुचारु रूप से पूरा करने में दीपका क्षेत्र ने सफलता दर्ज की। भूमि अधिग्रहण और पुनर्वास कार्यों में आई सामाजिक, कानूनी एवं राजस्व संबंधी अड़चनों का समाधान श्री मिश्र के रणनीतिक और संवेदनशील नेतृत्व में ही संभव हो पाया।

**मिश्रा के नेतृत्व में दीपका ने हासिल की कई उपलब्धि**

एसईसीएल दीपका महाप्रबंधक संजय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में दीपका क्षेत्र ने प्रशासनिक एवं राजस्व विभाग के साथ मजबूत समन्वय, पुनर्वास एवं मुआवजा वितरण में पारदर्शिता, समुदाय के साथ विश्वास बहाली और संवाद, चुनौतियों का त्वरित एवं प्रभावी समाधान, सुरक्षा मानकों को सर्वोच्च प्राथमिकता, सीएसआर और सामुदायिक विकास योजनाओं का क्रियान्वयन जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं।

# मारपीट के मामले में 8 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विगत दिनों बुधवारी दशहरा मैदान में एक युवक के साथ बेहरमी से मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया था। इस मारपीट के मामले में पुलिस ने एक नाबालिक सहित कुल 8 आरोपियों को धरदबोचा और घटना में इस्तेमाल की गई चार मोटर साइकिल को भी जप्त किया गया है।

**खास बात**

- बीते दिनों बुधवारी दशहरा मैदान में मारपीट की घटना को दिया गया था अंजाम

सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत बुधवारी बाजार निवासी सागर यादव उम्र 24 साल पिता नारायण यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि 20 नवंबर की रात्रि लगभग 11:50 बजे बुधवारी बाजार दशहरा मैदान में था, उसी दौरान चार-पांच मोटरसाइकिल में कुछ लड़के लोग आए और सागर यादव को मां-बहन की गाली गलौज कर मारपीट करते हुए उसकी गाड़ी को तोड़फोड़ किए। मामले में पुलिस ने सागर यादव की रिपोर्ट पर अज्ञात युवकों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर खोजबीन में जुट गई थी। इस बीच चौकी प्रभारी भीमसेन यादव को मुखबीर से सूचना मिली कि मारपीट के आरोपी क्षेत्र में घूम रहे हैं सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने दबिश दी और मारपीट करने वाले एक नाबालिक सहित कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में आरामशीन नूरी मस्जिद के पास निवासी पृथ्वी दास महंत पिता रोशन दास महंत उम्र 22 साल, कार्तिक दास पिता गोपी दास महंत उम्र 19 साल, तुषार साहू पिता निरंजन साहू उम्र 21 साल, जतिन कुमार पिता मिश्रीलाल कुर्मी उम्र 19 साल, साहिल दास पिता देवेंद्र दास महंत उम्र 18 साल, राहुल दास पिता रोशन दास महंत उम्र 22 साल एवं सीएसईबी कॉलोनी निवासी गजानंद यादव पिता मंगल साईं यादव उम्र 20 साल को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई चार मोटर साइकिल को जप्त किया गया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी एवं जप्त मोटरसाइकिल।

# औद्योगिक विकास को लग रहे पंख, निवेश की रफ्तार से आगे बढ़ रहा प्रदेश: लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अब तक प्रदेश को लगभग 7.83 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। राज्य के बड़े औद्योगिक जिलों के साथ साथ बस्तर से लेकर सरगुजा तक औद्योगिक विकास तेजी से होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प के साथ निवेश को गति देने व युवाओं को रोजगार प्रदान की दिशा में मजबूती से कार्य हो रहे हैं। कोर सेक्टर स्टील, स्पंज, एल्युमिनियम, बिजली के साथ-साथ टेक्सटाइल, फार्मास्यूटिकल, ए आई डाटा सेंटर, होटल, हॉस्पिटल, टूरिज्म, फूड प्रोसेसिंग सहित अन्य सेक्टर के उद्योगों को भी बढ़ावा देने के उद्देश्य के साथ औद्योगिक विकास नीति बनाई गई है, इसका बेहतर प्रतिसाद भी अब दिखने लगा है।



मुख्य अतिथि का स्वागत करते उद्योग संघ के पदाधिकारी।

उक्त बातें श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने जिला उद्योग संघ द्वारा आयोजित औद्योगिक विकास पर परिचर्चा और सम्मान कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बनी नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 से प्रदेश में उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण बन रहा है, यहां उद्योगों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध हैं। हमारी नई औद्योगिक नीति को देशभर में सराहना मिल रही है। पूर्ववर्ति सरकार ने उद्योग जगत को 10 साल पीछे धकेल दिया था, उनके सब्सिडी की राशि रोक दी गई थी। विष्णुदेव की सरकार ने साढ़े 6 सौ करोड़ की बकाया सब्सिडी की राशि का भुगतान किया है। यही वजह है कि आज देशभर के उद्योगपतियों का विश्वास आज छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ा है। कार्यक्रम में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन का उद्योग संघ के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया के नेतृत्व में संतोष खरे सहित सभी पदाधिकारियों ने महामाला से स्वागत किया। उद्योग संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि मंत्री श्री देवांगन आज उद्योग संघ के अभिभावक के तौर पर हर परेशानी पर हमेशा साथ खड़े रहते हैं। उनके उद्योग मंत्री बनने से उद्योग जगत को नई दिशा मिली है। इस दौरान महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, जिला चेम्बर्स ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष व भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश जैन, मुरलीधर माखीजा, राम सिंह अग्रवाल, अशोक चावलानी, अनिल अग्रवाल, जसपाल होरा, गोपाल पटेल, शिव वैष्णव, दीपक अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, प्रकाश जैन, शांतिलाल माथुर, मनोज अग्रवाल सहित व्यापारी उपस्थित रहे।

**गोपालपुर में जल्द बनेगा इंडस्ट्रियल एरिया**

कार्यक्रम में मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि जिले के औद्योगिक विकास को नई दिशा देने हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है। गोपालपुर में नए औद्योगिक क्षेत्र का जल्द निर्माण होने जा रहा है। इसके लिए साढ़े 10 करोड़ का टेंडर जारी किया जा चुका है। वर्तमान इंडस्ट्रियल एरिया के विकास हेतु पार्किंग का निर्माण कराया जा चुका है।

### खड़ी ट्रेलर को पीछे से पिकअप ने मारी ठोकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा से अंबिकापुर नेशनल हाइवे 130 पर स्थित गुरसिया पुल के पास बुधवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हो गया। हादसा इतना भीषण था कि नेशनल हाइवे पर दो घंटे से अधिक समय तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा। जानकारी के अनुसार, गुरसिया पुल पर पहले से एक ट्रेलर ब्रेकडाउन होकर खड़ा था। इसी दौरान अंबिकापुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पीछे से ट्रेलर में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के तुरंत बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद से नेशनल हाइवे 130 पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया। दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइनें लग गई थी।







हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780


### मजदूर विरोधी चारों श्रमिक कानूनों को रद्द करने की रखी मांग

# नए श्रम कानूनों के विरोध में एटक का धरना एवं आमसभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्रमिक संगठनों के संयुक्त आवाहन पर राज्य में कॉर्पोरेट पक्षिय और घोर मजदूर विरोधी चार श्रम संहिताओं को रद्द करने की मांग करते हुए, विरोध दिवस मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को अल्युमिनियम एम्प्लाइज यूनियन एटक की ओर से चार श्रम संहिताओं के विरोध में बालको संयंत्र के मुख्य द्वार परसाभाटा, आजाद चौक पर धरना एवं आमसभा का आयोजन किया गया है।

जिसकी अध्यक्षता कामरेड एसके सिंह और संचालन यूनियन के महासचिव कामरेड सुनील सिंह के द्वारा किया गया। उन्होंने चार नये श्रम संहिताओं को रद्द करने की मांग करते हुए विरोध किया तथा साथ ही मजदूर विरोधी नीतियों पर बोलते हुए कहा कि कारखाना में हजारों की संख्या में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को तरह-तरह से परेशान किया जा रहा है। धरना और आमसभा को संबोधित करते हुए राज्य एटक के प्रांतीय महासचिव कामरेड हरिनाथ सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार नये श्रम संहिताओं को बनाकर न केवल देश के मजदूरों को कारखानेदारों का गुलाम बना दिया, बल्कि मजदूरों को 18 वीं शदी में धकेल दिया है, उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रचार माध्यमों से प्रचारित किया जा रहा है कि, श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा और ओवरटाइम दोगुने दर पर भुगतान होगा। सभी श्रमिकों को रोजगार पत्र मिलेगा, मातृत्वहित लाभ भी मिलेगा, यह सब कोई नई चीज नहीं है। मजदूर निर्णायक लड़ाई के पश्चात बहुत पहले ही उपरोक्त सुविधा प्राप्त कर चुके हैं। कॉमरेड सिंह ने कहा चार श्रम सहिताएं घोर मजदूर विरोधी और कॉरपोरेट पक्षिय हैं,यह चारों श्रम संहिताएं रद्द किये जाएं। कामरेड सिंह ने कहा देश का मजदूर चारों नये काले श्रम संहिताओं कानून को वापस लेने व रद्द करने के लिए अपनी एकता जागरूकता का प्रदर्शन करना जारी रखेगा। कार्यक्रम में सीटू के कॉमरेड एसएन बनर्जी, एटक से एसके सिंह, धर्मेंद्र तिवारी, एमएल रजक ने भी संबोधित किया। अंत में चार श्रम कोड बिल को जलाकर विरोध दिवस मनाया गया।




विरोध प्रदर्शन करते श्रमिक संगठन के पदाधिकारी।


(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- नॉर्मल डिलीवरी
- सिजेरियन
- हाई रिस्क प्रेग्नेंसी
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- बांझपन का ईलाज

24x7 प्रसव सुविधा..
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

